## एक नजर में

### भारत में बढ़ रहा क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल

**इंदौर .** भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड के आँकड़ों से पता चलता है कि क्रेडिट कार्ड के ग्राहक अब अपनी ज़रूरत की चीज़ों के साथ-साथ बेहतर अनुभव और लाइफस्टाइल पर भी दिल खोलकर खर्च कर रहे हैं, साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी ज्यादा से ज़्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं . भारत में लगातार विकसित हो रहे क्रेडिट कार्ड इकोसिस्टम के बारे में बात करते हुए, एसबीआई कार्ड की एमडी एवं सीईओ, सुश्री सलिला पांडे ने कहा लोगों की बढ़ती आय और बड़ी उम्मीदों, बेहतर हो रही नीतियों, डिजिटलीकरण और लगातार मजबूत हो रहे पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर की वजह से क्रेडिट कार्ड से लेनदेन ट्रांज़ैक्शन के स्वरूप में काफी बदलाव आया है . लोग अब अपनी पसंद के अनुभवों, लाइफस्टाइल से जुड़ी खरीदारी और रोज़मर्रा के आसान लेन-देन को ज्यादा पसंद करने लगे हैं, जो उनके बढ़ते आत्मविश्वास और बदलती सोच को दर्शाता है . एसबीआई कार्ड में, हम इन बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए बेहतरीन साझेदारियों और इनोवेशन के ज़रिए अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को और मज़बूत करने पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं .

### मप्र में निर्माण क्षमता में 15% की वृद्धि करेगा कामधेनु

**इंदौर .** मध्य प्रदेश में अपने ब्रांड 'कामधेनु कलर मैक्स शीट' की बाजार हिस्सेदारी और उपस्थिति को पुन: सशक्त बनाने की एक रणनीतिक पहल के तहत, भारत की खुदरा क्षेत्र में ब्रांडेड टीएमटी बार्स की सबसे बड़ी निर्माता एवं विक्रेता कंपनी कामधेनु लिमिटेड ने एक वर्ष के भीतर अपनी विनिर्माण क्षमता में 15 प्रतिशत की वृद्धि करने की योजना की घोषणा की . कंपनी की व्यावसायिक योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कामधेनुलिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा आज कामधेनुकलर कोटेड शीट्स का उपयोग कई सरकारी तथा गैर-सरकारी परियोजनाओं में किया जा रहा है . हमारे उत्पादों की बढ़ती मांग, विशेष रूप से राज्य में तेजी से बढ़ते आवास और अवसंरचना क्षेत्र के कारण, हम अपने उच्च गुणवत्ता वाले कलर कोटेड शीट्स की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं . मध्य प्रदेश में निरंतर आर्थिक विकास देखा जा रहा है, जहां आवास और अवसंरचना क्षेत्र में प्रीमियम स्टील उत्पादों की मांग में वृद्धि हो रही है . इस विकास को ध्यान में रखते हुए हमने अपनी व्यावसायिक रणनीतियों को उसी अनुरूप तैयार किया है .

### सैमसंग और गूगल ने नए इंटेलिजेंट आईवियर का लुक जारी किया

**इंदौर .** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और गूगल ने गूगल आई/ओ 2026 में नए इंटेलिजेंट आईवियर (स्मार्ट चश्मों) का अनावरण किया . कंपनी ने जेंटल मॉन्स्टर और वार्बी पार्कर जैसे प्रसिद्ध आईवियर पार्टनर्स के साथ मिलकर बनाए गए दो प्रीमियम स्टाइल के स्मार्ट चश्मों का पहला लुक पेश किया . यह नए स्मार्ट चश्मे मोबाइल फोन के साथी डिवाइस के रूप में काम करने के लिए डिजाइन किए गए हैं . सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल ईएक्सपीरियंस (एमएक्स) बिजनेस, कस्टमर एक्सपीरियंस ऑफिस के हेड और एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट जे किम ने कहा यह इंटेलिजेंट आईवियर एआई को लेकर सैमसंग के विजन में एक अहम कदम है . इस नए एआई फॉर्म फैक्टर के साथ हम गैलेक्सी डिवाइस इकोसिस्टम को और आगे बढ़ा रहे हैं, जहां हर डिवाइस को हर फॉर्म के लिए सबसे उपयुक्त खास एआई अनुभव देने के लिए ऑप्टिमाइज़ किया गया है . गूगल के एंड्रॉयड एक्सआर के वाइस प्रेसिडेंट और जीएम शाहराम इज़ादी ने कहा सैमसंग के साथ हमारे साझा विजन में इंटेलिजेंट आईवियर एआई को रोजमर्रा की जिंदगी में ज्यादा उपयोगी और सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है .

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 3 लाख हाइब्रिड वाहन बेचे

**इंदौर .** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (अ्वरू) ने आज अपनी इलेक्ट्रिफिकेशन/ मल्टी-पाथवे यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन हासिल करने की घोषणा की . कंपनी ने भारत में कुल 3 लाख हाइब्रिड वाहनों की बिक्री पूरी की है, जो सतत मोबिलिटी को आगे बढ़ाने और हाइब्रिड टेक्नोलॉजी में ग्राहकों के भरोसे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है . इस उपलब्धि पर सबरी मनोहर, एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स, सर्विस और यूज़्ड कार बिज़नेस, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा भारत में 3 लाख हाइब्रिड वाहनों की बिक्री का माइलस्टोन हासिल करना हमारे लिए बेहद गर्व की बात है . यह उपलब्धि टोयोटा की सेल्फ-चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी में ग्राहकों के मजबूत और लगातार बढ़ते भरोसे को दर्शाती है . टोयोटा में हमारी 'मास इलेक्ट्रिफिकेशन' फिलॉसफी का आधार है प्रैक्टिकल, स्केलेबल और सभी के लिए सुलभ मोबिलिटी समाधान देना . हाइब्रिड टेक्नोलॉजी एक क्लीनर भविष्य की ओर महत्वपूर्ण पुल का काम करती है, जिससे ग्राहक बिना परफॉर्मेंस, सुविधा या भरोसे से समझौता किए इलेक्ट्रिफिकेशन को सहजता से अपना सकते हैं .

### इवाना, चटर्जी, आरुष व तारुष फाइनल में पहुंचे

**इंदौर .** मप्र टेनिस संघ द्वारा आयोजित एवं पाथ फाउंडेशन व मोयरा सरिया द्वारा प्रायोजित पुनित मेमोरियल एशियन जूनियर अंडर-12 इंदौर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में इवाना अरोरा, पी . चटर्जी, आरुष खन्ना व तारुष बीसी ने क्रमश: बालिका व बालक वर्ग के सेमीफाइनल में जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया . फाइनल मुकाबले शुक्रवार को शाम 4 .30 बजे से खेले जाएंगे .

### बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ इंदौर ने पूरे किए दो साल

**इंदौर .** बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, इंदौर केंद्र ने अपनी स्थापना के दो साल पूरे कर लिए हैं . इस अवधि में केंद्र ने मध्य भारत में उन्नत फर्टिलिटी उपचारों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने और गर्भधारण से जुड़ी जटिल समस्याओं के लिए विशेषज्ञ देखभाल तक पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है . पहले जहां उन्नत उपचार के लिए कई दंपतियों को बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, वहीं अब स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध होने से समय पर जांच और उपचार शुरू करना अधिक सहज हुआ है . डॉ . पायल जैसवाल, कंसल्टेंट और सेंटर हेड, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, इंदौर, ने कहा इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में फर्टिलिटी को लेकर जागरूकता पहले से बेहतर हुई है . आज दंपति पहले की तुलना में फर्टिलिटी सलाह लेने के लिए ज्यादा तैयार हैं . हम कम उम्र के दंपतियों में भी पीसीओएस, लो ओवेरियन रिजर्व, कम एएमएच और पुरुष फर्टिलिटी समस्याओं के मामले देख रहे हैं, जो बदलती जीवनशैली और स्वास्थ्य पैटर्न की ओर इशारा करते हैं . घर के करीब समय पर फर्टिलिटी जांच और विशेषज्ञ सलाह मिलने से सही उपचार जल्दी शुरू किया जा सकता है .

### डॉ . रेड्डीज ने टैबलेट ओबेडा लॉन्च

**इंदौर .** एक वैश्विक दवा कंपनी, डॉ . रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड ने आज टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस के इलाज के लिए अपने ओरल सेमाग्लूटाइड बायोसिमिलर को लॉन्च करने की घोषणा की है . डॉ . रेड्डीज का यह ओरल सेमाग्लूटाइड भारत में ओबेडा ब्रांड नाम के तहत टैबलेट के रूप में उपलब्ध है . डॉ . रेड्डीज के ग्लोबल जेनेरिक्स के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, एम . वी . रमणा ने कहा डायबिटीज के मरीजों के लिए हमारे ओरल सेमाग्लूटाइड का लॉन्च उन्नत डायबिटीज केयर तक पहुंच को व्यापक बनाने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है . हम समझते हैं कि डायबिटीज के साथ हर मरीज का सफर अलग होता है, और इलाज के विकल्पों में वह विविधता दिखनी चाहिए . इस लॉन्च के साथ हम मरीजों को ज्यादा विकल्प और लचीलापन देने के लिए अपने जीएलपी-1 पोर्टफोलियो को व्यापक बना रहे हैं . चूंकि इस उत्पाद को कंपनी में ही विकसित और तैयार किया गया है, इसलिए हम भारत में मरीजों के लिए विश्वसनीय आपूर्ति और लगातार बेहतर गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं .

### अब एयरबीएनबी पर और भी सुविधाएं

**इंदौर .** अब एयरबीएनबी केवल ठहरने की जगह बुक करने वाला मंच नहीं रह गया है . पिछले साल एयरबीएनबी ने अपनी सेवाओं का दायरा बढ़ाया था। कंपनी ने एयरबीएनबी एक्सपीरियंस और एयरबीएनबी सर्विसेज की शुरुआत की थी, जिससे लोगों को घर बुकिंग के साथ कई नई सुविधाएं भी मिलने लगीं . इसके जरिए लोग एक ही जगह पर ठहरने की बुकिंग करने, स्थानीय लोगों के साथ शहर घूमने और निजी शेफ से खाना बनवाने जैसी सुविधाओं का फायदा उठा सकते थे . तब से दुनिया भर में लाखों लोग इन सेवाओं का इस्तेमाल कर चुके हैं . एयरबीएनबी के को-फाउंडर एवं सीईओ ब्रायन चेस्की ने कहा यात्रा केवल आसान नहीं बल्कि यादगार भी होनी चाहिए . अच्छी यात्राएं लोगों को नई जगहों को समझने, नई चीजें सीखने और नए अनुभवों के साथ लौटने का मौका देती हैं . एयरबीएनबी इसी सोच के साथ काम कर रहा है . इस गर्मी हम लोगों को शानदार ठहरने की जगहों, बुटिक होटलों, फीफा विश्व कप से जुड़े खास अनुभवों और यात्रा को आसान बनाने वाली नई सेवाओं जैसे कई नए विकल्प दे रहे हैं .

# दो नाबालिगों से दुष्कर्म के आरोपी बाग पुलिस गिरफ्त में

- दो आरोपी गिरफ्तार
- आरोपीयो से घटना में प्रयुक्त इको वाहन तथा एक मोटर सायकल किया जप्त।



**बाग।** नाबालिग लड़कियों से रेप के आरोपी को बाग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में 19 मई को पीड़िता की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।


पुलिस के अनुसार पीडिता ने रिपोर्ट किया कि बड़े पापा के लड़के की बारात ग्राम झाबा में आई थी। बारात के साथ पीड़िता व उसके अंकल की लडकी दोनों परिवार के साथ बारात में आई थी। रात करीबन 2 बजे दोनों बच्चियां खेत तरफ से बाथरूम करके वापस आ रही थी वहीं पर खेत में इको गाड़ी से दो लड़के बाहर निकले जिसमें एक का नाम अजय जो सातउमरी गांव में रहता है और दूसरे का नाम महेन्द्र जो देदलीबी गांव में रहता है, ये दोनों लड़के शादी में आये थे। दोनों आरोपियों ने जबरदस्ती पकड़कर दोनों को इको गाड़ी में बैठा दिया और जंगल में गाड़ी रोककर दोनों पीड़िताओ को गाड़ी से बाहर निकाला गलत काम बलात्कार किया। फिर रात भर इको गाडी में दोनों को बैठाकर रखा आरोपियों ने पीड़िताओ को बोला की घटना की बात किसी को बताई तो जान से मार देंगे की धमकी दी। पीड़िताओं ने अपने परिजनो को घटना की बात बताकर पुलिस थाना बाग पर उपस्थित होकर रिपोर्ट करने पर पुलिस थाना बाग पर प्रकरण और पाक्सो एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। एसपी सचिन शर्मा ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपीयो को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया गया।

> अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर, एसडीओपी सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित कर तत्काल थाना प्रभारी बाग निरीक्षक कैलाश चौहान के नेतृत्व में टीम गठीत कर आरोपियों को शीघ्र पकङकने के निर्देश प्राप्त होने पर दिनांक 20 मई को आरोपी महेन्द्र को गिरफ्तार कर पूछताछ करते अपने साथी अजय के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया, जिसे कुक्षी कोर्ट पेश किया गया। कोर्ट के आदेश से आरोपी को जिला जेल अलिराजपुर में निरुद्ध है। आरोपी अजय की पतारसी हेतू लगातार टीम लगी होकर आरोपी अजय को भी 20 मई को रात्री में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो से घटना में प्रयुक्त इको वाहन व एक मोटर सायकल जब्त किया है। कार्रवाई में निरीक्षक कैलाश चौहान, उनि . तोसिफ अली, प्र .आर .830 भावसिह रावत, प्र .आर . 545 रेलमसिह भिन्डे, कालुसिह मोर्य, प्र .आर .06 गजेन्द्र कनेश, कैलाश गेहलोत, आर . 1145 राजु चौहान, आर . 199 दुर्गेश, आर . 493 कलमसिह डुडवे का विशेष योगदान रहा है।

## शुभम व्यास तीसरी बार 7 दिवसीय अमेरिका यात्रा पर

**सरदारपुर । जिला धार लेडगांव के शुभम पंडित पुरुषोत्तम व्यास अभी 7 दिवसीय अमेरिका में अपनी संगीत यात्रा पर है ये उनका तीसरा वर्ष है अमेरिका यात्रा का...शुभम व्यास 22 मई को ?डरेशन ऑफ गुजराती एसोसिएशन ( स्त्रह्वत्र ;) बॉलीवुड संगीत में प्रसिद्ध काव्या लिमये ,वृज क्षत्रिय के साथ ऑरलैंडो, फ्लोरिडा अपनी प्रस्तुति देंगे,**

**23 मई को वडोदरा के सुप्रसिद्ध गायक सचिन लिमये के साथ ऑरलैंडो, फ्लोरिडा में भजन, गरबा में अपना तबला वादन करेंगे..**






ये आयोजन जिनके माध्यम से हो रहा है वो ओम एंटरटेनमेंट के आशीष पटेल और संगीत के टीम लीडर शिव एंटरटेनमेंट के हार्दिक पटेल जिनके द्वारा ये यात्रा हो रही है.... शुभम व्यास के लिए यह यात्रा अपने आप में काबिले तारीफ है जो अपनी कला का प्रदर्शन विदेशमे करने का मौकामिला लेडगांव नगर के लिए गर्व महसूस करता है



## मंत्री ठाकुर पहुंचीं नारायण सिंह भिड़े के निवास

**कुक्षी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर अपने कुक्षी प्रवास के दौरान अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमित सदस्य आदिवासी नेता नारायण सिंह भिड़े के निवास स्थान पर पहुंचीं। जिसका भिड़े परिवार ने आत्मीय अभिनन्दन किया. सावत्री ठाकुर ने भिड़े के नवनिर्मित मकान के गृह प्रवेश शुभकामनाएं दीं। इस अनौपचारिक भेंट के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने भिड़े से में विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक गतिविधियों के साथ आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण संगठनात्मक चर्चा की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल मौजूद थे।



## कृषि वर्ष 2026 अभियान को ग्रामीण अंचलों में मिला उत्साहपूर्ण प्रतिसाद

**बदनावर।** मध्य प्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा वर्ष 2026 को ऋकृषि वर्षऋ के रूप में मनाए जाने के तहत चलाए जा रहे विशेष जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को बदनावर विकासखंड के ग्राम मांगलिया, घटगारा, बोराली एवं कठोड़िया बड़ा में कृषि रथ पहुंचा। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को खरीफ सीजन पूर्व आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की तकनीकों, उर्वरक प्रबंधन तथा शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने ई-विकास व्यवस्था अंतर्गत लागू ई-टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि नई व्यवस्था से किसानों को समय पर एवं पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही उर्वरकों के संतुलित उपयोग, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, फसल विविधिकरण, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा पराली प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कृषि विशेषज्ञों ने किसानों से संवाद करते हुए खरीफ फसलों की तैयारी, सिंचाई प्रबंधन, बीज चयन एवं नवीन कृषि तकनीकों के संबंध में चर्चा की। किसानों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का मौके पर समाधान भी किया गया। अधिकारियों ने किसानों से शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेकर आधुनिक खेती की पद्धतियां अपनाने का आह्वान किया तथा कहा कि नवाचार आधारित खेती से उत्पादन बढ़ाने के साथ लागत में कमी एवं आय में वृद्धि संभव है।

## कांग्रेस किसानों के साथ, अन्याय नहीं होने देंगे : अजय सिंह

**इंदौर. इंदौर बुधनी रेलवे लाइन और आउटर रिंग रोड परियोजनाओं से प्रभावित किसानों के बीच गुरुवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह पहुंचे. उन्होंने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है और किसी भी हाल में उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा.**



सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धतुरिया में आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में प्रभावित किसान पहुंचे. प्रतिनिधि मंडल ने कांग्रेस नेता को भूमि अधिग्रहण, मुआवजा और भेदभाव से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया. किसानों का आरोप था कि प्रदेश सरकार उनके साथ भेदभाव कर रही है और उचित मुआवजा नहीं दे रही. किसानों को संबोधित करते हुए अजय सिंह ने कहा कि पार्टी उनकी लड़ाई मजबूती से लड़ेगी और सरकार को किसानों के हित में निर्णय लेने के लिए मजबूर किया जाएगा.

उन्होंने कहा कि केंद्र में यूपीए सरकार के समय लाए गए कानून के अनुसार किसानों को बाजार मूल्य से चार गुना तक मुआवजा मिलना चाहिए, इसी आधार पर उन्हें उनका हक दिलाया जाएगा. किसान नेता हंसराज मंडलोई ने कहा कि जो उनकी बात करेगा, किसान भी उसी का साथ देंगे. उन्होंने बताया कि प्रभावित किसानों का प्रतिनिधि मंडल वरिष्ठ कांग्रेस नेता रतन सिंह सांखला के निवास पर एकत्रित हुआ था, जहां सभी ने अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं. बैठक में जिलेभर से आए किसानों ने एक स्वर में मुआवजे और भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की. किसान नेताओं का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे आंदोलन तेज करेंगे.

## सब जेल सरदारपुर में निरीक्षण व विधिक शिविर

**सरदारपुर।** सब जेल सरदारपुर में जस्टिस ममता जैन जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धार और प्रदीप मोना सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धार एवं माननीय न्यायालय धर्मकुमार न्यायीक मजिस्ट्र द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान जेल परिसर की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, चिकित्सीय सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था एवं बंदियों को जेल में उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया गया। न्यायाधीश द्वारा जेल में पुरुष बंदी वैरकों का निरीक्षण कर बंदियों में चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं की भी जानकारी ली गई। बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि आवश्यकता होने पर सरदारपुर तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है। जेल प्रशासन को बंदियों की सुविधाओं आदि आवश्यक निर्देश दिए गए। शिविर एवं निरीक्षण के दौरान संजय कुमार परमार सहायक जेल अधीक्षक सियाराम लिमनपुरे वारंट शाखा प्रभारी व दुर्गाशंकर मरोला वी.सी तकनिकी सहायक अन्य जेल ज्यूटीरत स्टॉफ उपस्थित रहे।

**एक नजर में** — **तीन माह से नहीं मिली प्रोत्साहन राशि और अन्य मांगों के लिए जारी संघर्ष**

# मांगों को लेकर सातवें दिन भी आशा कार्यकर्ताओं ने किया आंदोलन

**सरदारपुर।** मध्य प्रदेश में जिन लाडली बहनाओ के भाई है मुख्यमंत्री मोहनलाल यादव जो, हर माह की 13 तारीख को अपनी बहनों को राशि डाल देते हैं वही एक और आशा उषा आशा सहयोगी काम करने के बाद भी राशि नहीं डालना कितनी बड़ी घोर लापरवाही का आलम है। देश परिवर्तन की ओर चल रहा है आशा, उषा , आशा पर्यवेक्षक की अनिश्चितकालीन हड़ताल सातवें रोज भी जारी मौके पर मेडिकल ऑफिसर तहसीलदार पहुंचे और दो दिन का आश्वासन दिया।





### ओआरएस का घोल पिलाओ

आशा का शोषण बंद करो बंद करो रघुपति राघव राजा राम आशा पर थोपे सारे काम सरकार किया तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी हम अपना अधिकार मांगते नहीं किसी से भीख मांगते हैं ऐसे नारे बाजी के साथ में 12 से 4:0 धरना प्रदर्शन सिविल अस्पताल सरदारपुर में किया गया अनिश्चितकालीन हड़ताल धरना प्रदर्शन अभी जारी रहेगा।

सरदारपुर सिविल अस्पताल गेट पर 11 से 4 बजे तक धरना प्रदर्शन चला गुरुवार क जिम्मेदारी अधिकारी पहुंचे । तीन माह से लंबित वेतन और प्रोत्साहन राशि की मांग को लेकर आशा कार्यकर्ता, उषा, आशा सुपरवाइजरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को सातवें दिन भी जारी रही

मध्य प्रदेश आशा कार्यकर्ता, उषा, आशा पर्यवेक्षक संगठन की धार जिला अध्यक्ष संगीता मारु ने बताया कि सरदारपुर सिविल अस्पताल में 12 से 4 बजे तक धरने पर बैठे आज सातवें रोज में सीबीएमओ इंचार्ज डॉक्टर सचिन द्विवेदी, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर नितिन जोशी, अकाउंटेंट लाल सिंह , झनिया तहसीलदार मुकेश बामनिया, सभी जिम्मेदार अधिकारी कार्यकर्ताओं के धरना स्थल पर आए और दो रोज का आश्वासन दिया कि दो रोज में आपका सारा भुगतान हो जाएगा।

हड़ताल का सातवा दिन है। आशा उषा आशा पर्यवेक्षक संगठन के इंदौर संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल मारु ने बताया कि तहसीलदार साहब ने अन्य विभाग का काम करने का स्पष्ट मना बोला है और मारु ने बताया अभी हड़ताल जारी रहेगी जब तक पूरा भुगतान नहीं हो जाता है तब तक जारी रहेगी,आशा सुपरवाइजर सुनीता काग, सुनीता जोलाना,संतोष डामेचा, संगीता भूरिया,, राखी माली, सुनीता काग, चंद्रकला गोपाल, ललिता परमार,आशा कार्यकर्ता संतोषी मावी, मंजू मुनिया,ममता पाटीदार, मनु ग्रेवाल, केला डाबी, भागवंता , पार्वती सेन, शशि कला, सपना, लक्ष्मी मारु, हैम कुवर, रामकन्या, आशा ठाकुर, कार्यकर्ता सभी नारेबाजी कर रही थी।